राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

योजना भवन, तिलक मार्ग, जयपुर

क्रमांक :– एफ 8(1)7/मूल्य/डीईएस/2016/106 दिनांक :– 18 सितम्बर, 2018

उप/सहायक निदेशक,
आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्यालय,
जिला – समस्त

विषयः– राजस्थान मूल्य सांख्यिकी (पी.एस.आर.) पोर्टल पर चयनित दुकानों की सूची अपलोड करवाने के संबन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशालय द्वारा मूल्य सांख्यिकी हेतु एन.आई.सी. के माध्यम से पी.एस.आर. (Price Statistics in Rajasthan) पोर्टल निर्मित करवाया गया हैं। इस पोर्टल पर चयनित दुकानों/संस्थानों तथा उन पर उपलब्ध वस्तुओं के विवरण का लिंक तैयार करवाया जाकर आमजन की सुविधा हेतु live किया गया हैं।

आपके जिले द्वारा मूल्य संकलन हेतु चयनित दुकानों की सूची को पोर्टल पर अपडेट किये जाने हेतु शॉप मास्टर जनरेट किया गया हैं। जिसमें जिला स्तर से दुकानों की सूची को निम्नानुसार अपडेट किया जाना हैं–

1. **मार्केट मास्टर से मार्केट नाम को अपडेट किया जानाः–** आपके जिले से लॉगईन करने के बाद डाटा ऐन्ट्री मैन्यू में दिये गये मार्केट मास्टर को सलेक्ट कर आपके द्वारा चयनित मार्केट के नामों को उपलोड किया जाना हैं।
2. **शॉप मास्टर से दुकान/संस्थान की सूची को अपडेट किया जानाः–** मार्केट मास्टर से मार्केट डालने के बाद ही शॉप मास्टर में जाकर दिये गये विभिन्न फिल्डस् को भरते हुये दुकानों की सूची को अपलोड किया जाना हैं, दुकानों की सूची को अपडेट करते समय निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जावें:–
   - चयनित दुकान/संस्थान की सूचना पूर्ण एवं सही भरी जावें (दुकान एवं दुकानदार का नाम, मोबाइल नम्बर व पूर्ण पोस्टल पता इत्यादि)
   - दुकान/संस्थान से आपके द्वारा जिन उद्धरणों के मूल्यो का सकंलन किया जाता हैं, उनका सलेक्शन एक साथ दिये गये चेकबॉक्सों को सलेक्ट कर किया जाना हैं।
3. **दुकानों की सूची की जिला स्तरीय रिर्पोट निकालनाः–** आप द्वारा रिर्पोट सेक्शन में जाकर शॉप रिर्पोट का प्रिन्ट आवश्यकतानुसार निकाला जा सकता हैं।

एक बार पोर्टल पर दुकानों को अपलोड किये जाने के उपरान्त भविष्य में चयनित दुकानों/संस्थानों मे होने वाले परिवर्तन की स्थिति में निदेशालय से पुष्टि करवाये जाने के उपरान्त ही पोर्टल पर अपडेशन किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध हैं कि पी.एस.आर. पोर्टल पर विभिन्न मूल्य समूहों के अन्तर्गत चयनित दुकानों की सूची को आवश्यक रूप से इसी माह के अन्त तक अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करने का श्रम करावें।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद चूलेट)
सहायक निदेशक (मूल्य)